








## एक नजर में

### प्रदेश मंत्री बलवंत भाटी नगर आगमन पर भाजपा पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत गया



**सनावद, निप्र।** मप्र भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री बलवंत भाटी के सनावद नगर आगमन पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया गया। यह जानकारी भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मानसिंह राठौर ने दी। भाटी ने महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया।भाटी ने भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से विस्तारपूर्वक चर्चा की। भाटी ने पूर्व विधायक कैलाश पंडित और हितेंद्रसिंह सोलंकी से सौजन्य भेंट की।इस दौरान भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष गणेश पटेल,खुमानसिंह जाट,मनोज जैन,दीप्ति बंसल,अमिता मंत्री,संजय राठौर,दिनेश गोलकर,राजेश अंजने,दिलीप सकरोदिया,मोहित यादव,केतन गेहलोत,अजय राठौर,संजय वर्मा,शुभम शर्मा,दुर्गेश परिहार,राकेश मालवीय आदि उपस्थित थे। तत्पश्चात भाटी ने बेड़िया में विधायक सचिन बिरला से सौजन्य भेंट की।

### कसरावद ,तीन वर्षों की सेवा के बाद सीएमओ कमलेश गोले का स्थानांतरण

**कसरावद, निप्र ।** मध्य प्रदेश नगरीय विकास एवं आवास विभाग, भोपाल द्वारा प्रदेश के नगरीय निकायों में प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। विभाग के उपसचिव प्रमोद कुमार शुक्ला द्वारा जारी आदेश एवं राज्यपाल की स्वीकृति के अनुसार विभिन्न नगर पालिका एवं नगर परिषद अधिकारियों के स्थानांतरण किए गए हैं। इसी क्रम में कसरावद नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) कमलेश गोले का स्थानांतरण नगर परिषद करही-पाडल्या किया गया है। सीएमओ गोले ने कसरावद में लगभग तीन वर्षों तक अपनी सेवाएं देते हुए नगर के विकास कार्यों एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्थानांतरण की जानकारी मिलने पर नगर के जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नगर पंचायत के पूर्व पार्षद देवदत्त एक्कल ने



सीएमओ कमलेश गोले का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया तथा उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। पूर्व पार्षद देवदत्त एक्कल ने कहा कि सीएमओ गोले ने अपने कार्यकाल के दौरान नगर हित से जुड़े विभिन्न कार्यों को प्राथमिकता देते हुए जिम्मेदारीपूर्वक दायित्वों का निर्वहन किया।उनके स्थानांतरण पर नगरवासियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य एवं नई पदस्थापना पर सफल कार्यकाल की कामना की।

### 132 केवी विद्युत लाइन प्रभावित किसानों को नए नियमों के तहत मुआवजा देने की मांग

**बड़वाह, निप्र ।** भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत, जिला खंडवा ने 132 केवी विद्युत लाइन टावरों से प्रभावित किसानों को नवीन गाइडलाइन के अनुसार मुआवजा प्रदान किए जाने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में संघ ने कहा कि शासन द्वारा विद्युत लाइन टावरों के लिए किसानों को मुआवजा देने संबंधी नई गाइडलाइन लागू किए जाने का स्वागत किया जाता है, लेकिन जिले के अनेक पात्र किसान अब भी इसके लाभ से वंचित हैं। भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष राधेश्याम चाचरिया के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि खंडवा जिले में प्रस्तावित 132 केवी सनावद-आरटीएम-निमाड़खेड़ी, डीसीडीएस पुनासा-अटलटास तथा छैरा-सिंगोट विद्युत पारेषण लाइनों के अंतर्गत पुनासा, हरसूद और खालवा तहसील के कई गांव प्रभावित हुए हैं। इन परियोजनाओं के तहत जिन किसानों की कृषि भूमि से विद्युत लाइन और टावर गुजर रहे हैं, उन्हें नवीन गाइडलाइन के अनुसार उचित मुआवजा दिया जाना आवश्यक है।ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि जानकारी के अभाव, समय सीमा या अन्य कारणों से कई किसान निर्धारित प्रक्रिया का लाभ नहीं ले सके हैं। ऐसे किसानों को भी नियमानुसार शेष देय राशि का भुगतान किया जाना चाहिए। संघ ने चेतावनी दी है कि बिना मुआवजा दिए किसी भी परिस्थिति में कार्य प्रारंभ नहीं किया जाए। यदि मुआवजा वितरण किए बिना कार्य शुरू किया गया तो भारतीय किसान संघ किसानों के हित में आंदोलन करने को बाध्य होगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। संघ ने यह भी कहा कि जिस प्रकार सुलगांव क्षेत्र के किसानों को नई गाइडलाइन के तहत लगभग 30 लाख रुपये तक का मुआवजा प्रदान किया गया है, उसी प्रकार अन्य प्रभावित किसानों को भी समान नियमों के आधार पर न्यायसंगत मुआवजा उनके बैंक खातों में जमा कराया जाए।

### 10 ब्राउन शुगर तस्कर के साथ तस्कर गिरफ्तार

**खरगोन, निप्र ।** महंगा एवं प्रतिबंधित नशा ब्राउन शुगर जिले में तेजी से पैर पसार रहा है। इस नशे की तस्करी के मामले लगातार सामने आ रहे है। बिस्टान पुलिस ने भी ऐसे ही एक ब्राउन शुगर तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी से 10 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार गिरफ्तार आरोपी पर पूर्व से चोरी, लूट, लड़ाई-झगड़े, एनडीपीएस एक्ट जैसे 13 अपराध दर्ज है। थाना बिस्टान पर मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर आवली रोड़ पर ब्राउन शुगर तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपना नाम रिजवान पिता इकबाल पठान निवासी संजय नगर खरगोन का होना बताया। रिजवान की तलाशी लेने पर उसके पास से एक लाख रुपए कीमत का 10 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर जब्त किया गया है। रिजवान को माननीय न्यायालय प्रस्तुत कर तस्करी के नेटवर्क एवं सप्लायर के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जाएगी।

### धुलकोट में शराब बन रही पारिवारिक कलह का कारण



**खरगोन, निप्र ।** जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र धुलकोट में शराब बिक्री के खिलाफ महिलाओं ने मोर्चा खोल दिया है। क्षेत्र में कच्ची, देशी और विदेशी शराब की धड़ल्ले से बिक्री के चलते पारिवारिक कलह बढने का आरोप लगाते हुए गांव में शराब बंदी की मांग की है। परिवारों में कलह, आर्थिक संकट, स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां और अपराधिक गतिविधियों में वृद्धि जैसी बुराइयों से परेशान होकर बड़ी संख्या में ग्रामीण बुधवार को एकजुटता दिखाते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। कलेक्टर कार्यालय में सौंपे ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने बताया कि धुलकोट ग्राम पंचायत में इस संबंध में एक ठहराव-प्रस्ताव भी पारित किया गया है। इस प्रस्ताव में सर्वसम्मति से धुलकोट को शराब मुक्त क्षेत्र बनाने का निर्णय किया गया है। यह निर्णय स्थानीय समुदाय की प्रबल इच्छा शक्ति को दर्शाता है। ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि शराब के कारण विशेषकर महिलाएं और बच्चे सर्वाधिक प्रभावित हो रहे हैं। उनकी दिनचर्या और भविष्य पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस गंभीर विषय पर तत्काल ध्यान दिया जाए और अवैध शराब के कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# प्रदेश मंत्री भाटी जिले के प्रवास पर पहुंचे

## भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा-प्रदेश मंत्री ने किया मोर्चे में ऊर्जा का संचार

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र ।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री बलवंत भाटी बुधवार को जिले के प्रवास पर पहुंचे। उनके आगमन पर भाजपा कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। भाटी का यह प्रवास जिले में पिछड़ा वर्ग मोर्चा को सशक्त करने और संगठन की गतिविधियों को गति प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया है। भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रदेश पदाधिकारी जितेंद्र यादव, मोर्चा जिलाध्यक्ष गणेश पटेल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शीला पटेल आदि ने स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश मंत्री श्री भाटी ने एक परिचयात्मक बैठक में हिस्सा लिया। मोर्चा जिलाध्यक्ष श्री



पटेल ने कहा कि प्रदेश मंत्री का यह प्रवास जिले में पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के लिए नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करने वाला सिद्ध होगा, जिससे संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी। बैठक के दौरान भाटी ने संगठन की वर्तमान स्थिति और भविष्य की कार्य योजना पर चर्चा की। उन्होंने पिछड़ा वर्ग समुदाय के बीच पार्टी की पहुंच बढ़ाने, केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने तथा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कांतिलाल कर्मा ने बताया मोर्चा प्रदेश मंत्री श्री भाटी औंकारेश्वर में दर्शन के लिए पहुंचे थे। यहां से बड़वाह, सनावद में पार्टी पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं सहित जनप्रतिनिधियों से मुलाकात करने के बाद दोपहर 3 बजे मुख्यालय पहुंचे। बैठक के बाद श्री भाटी बड़वानी के लिए रवाना हुए। कार्यालय पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रभा राठौड़, मंडल अध्यक्ष अभिलाष अत्रे, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर भालसे, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष शीतल राठौड़, रवि जायसवाल, राजेश सागोरे, गुंजन गडकरी, गोकुल वर्मा, आकाश गुप्ता, मनोज राठौड़, सीमा पाठक, सीमा वर्मा, मालती चंदेल, उमेश दुबे, दर्शना मोयदे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता-पदाधिकारी मौजूद रहे।

## महाराणा प्रताप के समय समाज में समरसता थी : भुवनेश सिंह सेंगर

**मंडलेश्वर, निप्र ।** महाराणा प्रताप की जयंती महेश्वर तहसील के क्षत्रिय राजपूत समाज द्वारा अहिल्या रिसोर्ट में समारोह पूर्वक मनाई गई। सबसे पहले महाराणा के चित्र पर अर्जुन सिंह ठाकुर, टी वी एंकर भुवनेश सिंह सेंगर, सुनिल सिंह सोलंकी, नरेन्द्र सिंह सोलंकी, सुरेन्द्र सिंह तोमर, महेन्द्र सिंह सोलंकी, रामचंद्र पटेल, महेन्द्र सिंह मंडलोई, हमेन्द्र सिंह सोलंकी ने पुष्पांजलि अर्पित कर पूजन किया।इस अवसर पर टी वी एंकर भुवनेश सिंह सेंगर ने महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की महाराणा प्रताप के शासन काल में समाज में एकता थी उनकी सेना में भील और मुसलमान भी शामिल थे उस समय सामाजिक समरसता का अच्छा माहौल था। सामाजिक समरसता से ही महाराणा प्रताप ने मुगलो को कडी चुनौती दी थी।आज समाज में जातिवाद चरम पर है हमें अपने नायक से सिख लेकर सामाजिक समरसता पर कार्य करना चाहिए तभी समाज मजबूत होगा और जब समाज मजबूत और संगठित होता है तो राष्ट्र मजबूत



और विकसित होता है। अर्जुन सिंह ठाकुर ने कहा की महाराणा प्रताप का जीवन संघर्ष पूर्ण रहा उन्होंने अपने देश की आन बान के लिए जीवन पर्यन्त संघर्ष किया हमें उनके जीवन से बहुत कुछ सीखना चाहिए।

## संस्कृति की पवित्रता से ही पवित्र और गुणवान संतान उत्पन्न होगी

**मंडलेश्वर, निप्र ।** रंगधाम आश्रम मंडलेश्वर द्वारा पुरुषोत्तम मास में चलित व्यास पीठ के माध्यम से खरगोन बड़वानी और धार जिले के विभिन्न गाँवो में रामकथा का पाठ किया गया। आश्रम के सेवादार दशरथ यादव ने बताया कि पुरुषोत्तम मास का प्रारम्भ 17 मई से हुआ था उस दिन से चलित व्यासपीठ के माध्यम से रामकथा सुनाने का क्रम शुरू किया गया था। प्रथम रामकथा महेश्वर के प्राचीन कालेश्वर मंदिर में कि गई उसके बाद धरगांव,करोंदिया, कवड़िया, कुंड्या, सोमाखेड़ी, गांधीनगर, महितवाडा, ईटावदी, भामपुरा, करही, बोरवावड़ी, सुलगांव, कसरावद, लेंपा, मंडलेश्वर, धामनोद - गुलझरा (धार) और बड़वानी जिले के घटवा सहित तीस गावों में श्रीरंगधाम आश्रम में के संत पूज्य द्वारकादास बापू द्वारा व्यासपीठ पर विराजित होकर राम



कथा सुनाई गई। पुरुषोत्तम मास का समापन श्री रंगधाम आश्रम मंडलेश्वर में श्रीराम कथा और महाप्रसाद वितरण के साथ सम्पन्न हुआ। समापन अवसर पर व्यासपीठ का पूजन आश्रम में पुरुषोत्तम मास में प्रतिदिन सेवा देने वाले ग्रामीण भक्तों दशरथ यादव श्रीमति उर्मिला पाटीदार संजय यादव महेश पाटीदार लक्ष्मण पाटीदार प्रवीण पाटीदार एवं सुखदेव पाटीदार द्वारा किया गया। समापन अवसर पर व्यास पीठ से परम् पूज्य द्वारका दासबापू द्वारा श्रीराम के राज्याभिषेक कि कथा सुनाई गई। इस अवसर पर बापू ने बताया कि पुरुषोत्तम मास में श्रीराम कथा का बहुत महत्व माना गया है। चलित व्यास पीठ के मध्यम से जन जन को राम से जोड़ना था जन मानस तक राम के आदर्श पहुँचे और लोग सदमार्ग पर चले नशा मुक्त समाज हो युवाओं में राष्ट्र प्रेम बढ़े परिवार में एकता हो समाज संगठित हो।

## मेधावी विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

**सनावद, निप्र ।** अंतर्राष्ट्रीय पोरवाड़ दिगंबर जैन सामाजिक मंच, सनावद ज़ोन के तत्वावधान में रविवार को मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में समाज के उन प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक अर्जित कर परिवार एवं समाज का गौरव बढ़ाया। मंच के मीडिया प्रभारी सन्मति जैन 'काका' ने बताया कि कार्यक्रम में मंच के पदाधिकारियों ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, माला, पेन एवं उपहार भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




**इन प्रतिभाओं का हुआ सम्मान:-** इस अवसर पर विशुद्धि रितेश जैन, प्रसिद्धि रितेश जैन, प्रेक्षा विभूति जैन, घनिषा राहुल स्वास्तिक लब्धि महावीर जैन, अविरुद्ध राहुल जैन, मोक्ष मितेश जैन एवं स्पर्श रजनीश जैन का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मनोज जैन, डॉ.यतीश जैन, आशीष जैन, रिंकेश जैन, श्वेता राहुल जैन, प्रियंका मितेश जैन 'मुंशी'सहित मंच के सभी पदाधिकारी, , छात्र-छात्राएं एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

## सड़क पर फैला दिया नाले से निकला मलबा, रहवासियों ने जताई आपत्ति



**खरगोन, निप्र ।** शहर के खण्डवा रोड पर नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे नाला निर्माण कार्य में गंभीर लापरवाही सामने आई है। नाला खुदाई के दौरान निकलने वाले मलबे को ठेकेदार ने रहवासी कॉलोनी को जोडने वाली मुख्य सड़क पर ही फैला दिया, जिससे स्थानीय रहवासियों में भारी आक्रोश है। सड़क पर मलबा फैला होने के कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार शाम रहवासी कैलाश माली, बॉबी मिश्रा, लक्की चोपड़ा आदि ने आपत्ति दर्ज कराई। मौके पर मौजूद कर्मचारियों और ठेकेदार कर्मचारी के सड़क पर फैलाए गए मलबे को हटाने की मांग की। इस दौरान ठेकेदार के सहयोगियों ने रहवासियों से विवाद भी किया। ठेकेदार सहयोगी का कहना था कि मलबा कहां डाले। वहीं रहवासियों का कहना है कि मुख्य मार्ग पर मलबा फैलाने से न केवल आवाजाही में परेशानी हो रही बल्कि यह मलबा बीमारी का कारण भी बन सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ठेकेदार ने निर्माण नियमों की अनदेखी करते हुए खुदाई से निकले मलबे को हटाने की बजाय सड़क पर फैला दिया। रहवासियों का आरोप है कि मलबा हटाने की बात पर ठेकेदार और उसके सहयोगी विवाद कर रहे है। इसकी शिकायत नगर पालिका अधिकारियों को भी की गई। विवाद एवं हंगामा बढने पर मौजूद कर्मचारियों ने सड़क से मलबा साफ करना शुरु किया। हालांकि करीब 100 मीटर की सड़क पर यह मलबा फैला दिया गया।

## महाराणा प्रताप जयंती पर किया नमन

**खरगोन, निप्र ।** राष्ट्र के गौरव पुरुष वीर शिरोमणि श्री महाराणा प्रताप जयंती पर बुधवार को महाराणा प्रताप राजपूत समाज साख संस्था कार्यालय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट पदाधिकारी राजेंद्रसिंह दरबार, दिलीप सिंह पंवार, मानसिंह मंडलोई, डा. लालसिंह सोलंकी एवं योगेश सिंह सोलंकी, ललित सिंह सोलंकी आदि उपस्थित थे।



## 18 जून को खरगोन में शांति समिति की बैठक

**खरगोन, निप्र ।** आगामी पर्व एवं त्यौहारों को देखते हुए नगर में शांति, कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से 18 जून गुरुवार को प्रात: 10 बजे नवीन कलेक्टोरेट भवन के सभागृह में शांति समिति की बैठक आयोजित की जा रही है। इस बैठक में संबंधित प्रतिनिधियों व अधिकारियों को नगर में शांति, कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने आवश्यक सुझाव/सहयोग प्रदान करने कहा गया है।

## दो पक्षों में हुए जमीनी विवाद का मामला पहुंचा एस पी कार्यालय, बुजुर्ग एवं बच्चों को आई चोंटे

**बड़वाह, निप्र ।** तहसील के ग्राम बामन पूरी में गुरुवार शाम 6 बजे दो पक्षो में खेत की मेड को लेकर विवाद हो गया जहाँ रमेश पिता चम्पालाल को सिर एवं हाथ में चोंट आई है , वहीं नैतिक भालेकर , शिवराम भालेकर, भगीरथ भालेकर आदि को भी चोंटे आई है !

वहीं बताया जा रहा है की विवाद में दूसरे पक्ष के उमाशंकर पिता पुनाजी पाटिल ( गुर्जर ) व युवराज पाटिल को भी चोंटे आई है ! पहले पक्ष के भागीरथ भालेकर ने बताया की मैं गुरुवार की शाम को मेरे खेत में था जहाँ उमा संकर ने मेरे खेत की मेड के



पत्थर उखाड़ दिए जब मेरे द्वारा पूछा गया की खेत की मेड क्यों तोड़ दी तो उमाशंकर ओर युवराज के द्वारा मेरे साथ खेत में मारपीट की गई ! एवं गाँव में दोबारा मेरे एवं मेरे परिवार के लोगों के साथ भी मारपीट की गई ! हमें खेत में जाने पर भय का माहौल बना रहता है परिवार की महिलाये भी खेत में जाने से डर रही है बड़वाह पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है किंतु हमें खेतों में जाने में भय व डर का माहौल बना रहता है जिससे हमें सुरक्षा प्रदान कराई जाये एवं दोसियों की गिरफ्तारी की जाए ! इसी सम्बन्ध में मंगलवार को एस.पी कार्यालय खरगोन में आवेदन सौंपा गया !

**एक नजर में** | नियुक्ति की खबर सामने आते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल दिखा

## रवि जैन बड़वाह शहर कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त

**नवभारत न्यूज**

**बड़वाह, निप्र ।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन विस्तार और मजबूती के उद्देश्य से बुधवार को खरगोन जिले के शहर कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति की घोषणा की गई। इसी क्रम में बड़वाह के युवा कांग्रेस नेता रवि जैन को शहर कांग्रेस अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति की खबर सामने आते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल देखा गया। रवि जैन लंबे समय से कांग्रेस संगठन से सक्रिय रूप से जुड़े रहे हैं तथा नगर के सामाजिक, धार्मिक और जनसेवा से जुड़े कार्यों में उनकी उल्लेखनीय सहभागिता रही है।



युवाओं के बीच उनकी अच्छी पहचान और संगठनात्मक सक्रियता को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन पर विश्वास जताते हुए यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी नियुक्ति आदेश में नव नियुक्त पदाधिकारियों से पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों एवं संगठनात्मक अनुशासन के अनुरूप कार्य करते हुए नगर स्तर पर कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की अपेक्षा व्यक्त की गई है। रवि जैन की नियुक्ति को बड़वाह कांग्रेस संगठन के लिए नई ऊर्जा के रूप में देखा जा रहा है। पार्टी कार्यकर्ताओं का मानना है कि उनके नेतृत्व में संगठन को मजबूती मिलेगी तथा कांग्रेस की विचारधारा और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाया जा सकेगा। नियुक्ति के बाद रवि जैन ने कांग्रेस नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा उन पर जताए गए विश्वास पर वे खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना, कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलना और जनसमस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करना उनकी प्राथमिकता होगी। रवि जैन को नई जिम्मेदारी मिलने पर नरेंद्र पटेल, रमिन्दर सिंह भाटिया, सुरेश जोशी, बाबूलाल महाजन, रमेश जोशी, राकेश वाजपेई, ईश्वरचंद दस्साणी, बाबूलाल जैन, राणा राजेंद्र सिंह, नरु बंसल, प्रवीण शर्मा, निलेश रोकड़िया, विमल जैन, अनिल राय, अनिल कानूनगो, सोहनलाल शाह, संतोष मालवीय, आसाराम ठाकुर, सहित कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की है।

## उमराह के नाम पर धोखाधड़ी महिला ने एसपी से की शिकायत

**खरगोन, निप्र ।** जिले की एक महिला ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है कि उमराह यात्रा के नाम पर उनसे और अन्य यात्रियों से लाखों रुपये की धोखाधड़ी की गई है। महिला ने आरोप लगाया है कि टूर ऑपरेटरों ने वापसी टिकट की व्यवस्था नहीं की और उन्हें विदेश में अकेला छोड़कर भाग गए। एसपी को की शिकायत में शाहपुरा निवासी रेहाना ने अपनी शिकायत में बताया कि समद पठान निवासी धुलिया महाराष्ट्र और असद व संजीदा साजिद खान ने 12 फरवरी को उमराह टूर का विज्ञापन किया था। इसमें यात्रियों को उनके शहर से ले जाकर वापस शहर तक छोडने का वादा किया गया था। इस टूर के लिए प्रति व्यक्ति 1 लाख 25 हजार रुपये की राशि ऑनलाइन और नगद माध्यम से ली गई थी। रेहाना ने समद पठान को यह राशि नगद भुगतान की थी। तय तारीख पर रेहाना सहित अन्य यात्रियों को उमराह के लिए भेजा गया। यात्रा 12 फरवरी को शुरू होकर 23 मार्च को समाप्त होनी थी।